50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 6.2 °c
अधिकतम 11.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:11, सूर्यास्त : 5:27 | वर्ष : 50/ अंक : 355 | सोमवार, 26 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

"इंसान"
जिंदगी बनाने के चक्कर में जिंदगी जीना भूल जाता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

मैनपुरी चुनाव में हार के बाद भाजपा निकाय चुनाव से भाग रही है : अखिलेश यादव



और कौन-कौन से चुनावों से भागा जा सकता है?......

# जैन समाज के विरोध प्रदर्शन ने रचा इतिहास

## ▶▶ श्री सम्मेद शिखरजी के सम्मान को हर कुर्बानी को तैयार ▶▶ राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री के नाम सौंपा नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर, (बु.)।** श्री सम्मेद शिखर जी तीर्थ स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करने के बाद पूरे देश में जैन समाज द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पूरे जनपद का जैन समाज दिन निकलते ही सड़कों पर उतर पड़ा। 5 साल के बच्चों से लेकर 80 साल के बुजुर्ग तक उक्त विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते दिखाई दिये। सुबह साढ़े 9 बजे जैन औषधालय पर ही जैन समाज का जनसैलाब देखने लायक था। महिलाओं, पुरूषों व नन्हें बच्चों ने अपने हाथों में सरकार विरोधी तख्तियां लेकर झारखण्ड सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन तो किया ही, साथ ही साथ केन्द्र की मोदी सरकार को भी ललकारा। सकल जैन समाज ने उक्त प्रदर्शन में इतिहास तो रचा ही, साथ ही साथ सरकार की आंख और कान दोनों खोलने का काम कर दिया। खुद सरकार को अंदाजा नहीं होगा कि प्रत्येक चुनाव में भाजपा सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाला जैन समाज अपने धर्मस्थल की आस्था को बचाने के लिए इतना बड़ा प्रदर्शन भी कर सकता है। सरकार की ढींगामुस्ती के खिलाफ उक्त प्रदर्शन अपने आप में एक मिसाल कायम करेगा। जैन समाज से हुई वार्ता में समाज ने कहा कि वे अपने धार्मिक स्थल को मनोरंजन का साधन नहीं बनने देंगे। समाज का तर्क है कि जिन-जिन धार्मिक स्थलों को सरकार पर्यटक स्थल घोषित कर देती है, वे आम आदमी के लिए मनोरंजन का साधन बन जाते हैं और दर्जनों अनैतिक कार्य पर्यटन स्थल के नाम पर आये दिन होते दिखाई पड़ते हैं। पर्यटक स्थल घोषित होते ही धार्मिक स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालु उसे मौज-मस्ती करने का साधन मानकर हर तरह के अनैतिक कार्य धार्मिक स्थलों पर करते दिखाई पड़ते हैं और उक्त सभी बातें जैन समाज को किसी भी तरीके से मंजूर नहीं है। जैन औषधालय प्रेमपुरी से शुरू हुए विरोध प्रदर्शन का समापन पूरी खामोशी के साथ डीएम कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुआ, जहां सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति, देश के प्रधानमंत्री व अन्य जिम्मेदार लोगों के पास उक्त ज्ञापन को भेजा गया।





सम्मेद शिखर मामले को लेकर सड़कों पर उमड़ा जैन समाज का विशाल जनसमूह तथा नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते लोग।

### सर्व समाज ने दिया विरोध प्रदर्शन में अपना साथ

मुजफ्फरनगर। सिर्फ जैन समाज ही नहीं, जैन समाज के समर्थन में जनपद से सभी तरह की जाति-बिरादरियां सड़कों पर उतर पड़ी। वैश्य, ब्राह्मण हो या त्यागी सभी ने जातिगत भेदभाव भूलकर जैन समाज के विरोध प्रदर्शन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्व समाज के लोगों का कहना था कि धार्मिक स्थल को पर्यटक स्थल बनाने पर जैन समाज के जो तथ्य हैं, वह वास्तव में सही हैं। ऐसे में सर्व समाज जैन समाज के इस विरोध में बढ़-चढ़कर शामिल हुआ है और आगे भी जैन समाज जैसा भी निर्णय लेगा, उसमें सर्व समाज पूरी तरह जैन समाज के साथ खड़ा दिखाई देगा। व्यापारियों ने यहां तक कहा कि यदि जैन समाज पूरे जनपद के व्यापारियों से अपील भी करेगा, तो वह अपने प्रतिष्ठान तक जैन समाज के लिए बंद करने को हर समय तैयार बैठे हैं।

### जैन समाज के आन्दोलन में आम ओ खास की रही भागीदारी

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** श्री सम्मेद शिखरजी के धार्मिक स्वरूप की रक्षा की खातिर केन्द्र व झारखंड प्रांत की वर्तमान सरकारों के विरोध में सड़कों पर प्रदर्शन में उतरे जैन समाज के विभिन्न संगठनों के साथ ही कमेटियों के पदाधिकारियों की इस बीच गरिमामयी भागीदारी रही। अभियान की इस कड़ी में सड़कों पर उतरे जैन समाज की इन समितियों में मुख्य रूप से नई मंडी चौड़ी गली जैन मंदिर, मुनीम कालोनी जैन मंदिर, जैन मिलन महिला मंडल, जैन मिलन मंदिर, जैन नगर कृष्णापुरी मंदिर, अबूपुरा जैन मंदिर, णमोकार महा समिति, एसएस जैन सभा सिद्धार्थ कालोनी, जैन औषधालय प्रेमपुरी, जैन मंदिर प्रेमपुरी समेत कई संस्थाओं का इस प्रदर्शन में सहयोग रहा। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री संजय मित्तल ने आंदोलन को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि सरकार द्वारा धार्मिक स्थलों से छेड़छाड़ करना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। इस आंदोलन में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पूरी तरह से श्री म्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित करने के विरोध में जैन समाज के साथ है। डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन के दौरान मुख्य रूप से वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पंकज जैन, पंकज जैन गांधी टैंट हाऊस, सकल जैन समाज के अध्यक्ष प्रदीप जैन, गौरव जैन, पवन जैन, राजेन्द्र जैन, संजय जैन पारस टीएमटी, राजेश जैन, नितिन जैन मोंटू, प्रवीण जैन हुंडई, पुनीत जैन, आशीष जैन, सिद्धांत जैन, रविन्द्र जैन, अश्वनी जैन, मुकेश जैन, प्रियांशु जैन, विप्लव जैन नावला स्पात, हर्षवर्धन जैन, अजय जैन आइसक्रीम, कार्तिकेय जैन, प्रदीप जैन, रोहित तजैन, अमित जैन खुशी मैडिकल, प्रवीण जैन चीनू, संजय जैन, डॉ. अमित जैन, अभय जैन, मुदित जैन, चंदर जैन, विभोर जैन, टोनी जैन, राजेश जैन, मनोज जैन, विनेश जैन, सुनील जैन, योगेश जैन, सुनील जैन, शरद जैन, ऋषभ जैन, मनमोहन जैन (मोनिका पाईप), धनेन्द्र जैन, शशांक जैन, प्रमोद जैन, संदीप जैन, रोहित जैन, निपुण जैन एड., कंवरसैन जैन, कुलदीप जैन, मनोज जैन एलजी, राजकुमार जैन, महिपाल जैन सर्राफ, विपिन जैन, योगेन्द्र जैन एड, सुगन्ध जैन एड, पंकज जैन, गौरव जैन, दिनेश जैन, अमित जैन, अमित जैन, विकास जैन, अरिहन्त जैन, गौरव जैन, वैभव जैन, कीमती लाल जैन, विनोद जैन प्रधान जी, आशीष जैन, दीपक जैन, शशांक जैन, निमित जैन, सुमित जैन, अनुराग जैन, सिद्धार्थ जैन गोलू, सौरभ जैन, दीपेश जैन, अभिषेक जैन, अजय जैन, दिनेश जैन, मुकेश जैन, योगेश जैन, अंकुर जैन, नितिन जैन, कुलदीप जैन, अशोक जैन सर्राफ, अमित जैन एड, ऋषभ जैन आदि हजारों लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हाड़ मांस कंपकपा देने वाली ठंड शुरू

## ▶▶ रविवार का दिन रहा अब तक का सबसे ठंडा दिन ▶▶ दिन का पारा 7.4 डिग्री गिरकर 11.8 डिग्री पर पहुंचा ▶▶ सनसनाती ठंडी हवाओं ने दिन से रात तक सबको कंपाया

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)।** इस मौसम के सबसे कम तापमान के साथ आज सबसे ठंडा दिन रहा और इसके चलते पूरा दिन सूर्य देव की गैर मौजूदगी में कांपता रहा। आज अधिकतम तापमान एकदम 7.4 डिग्री गिरकर 11.8 डिग्री तक आ गया। यह इस मौसम का सबसे ठंडा दिन रहा। दोपहर बाद थोड़ी देर के लिए सूर्य की चमक नजर आई, लेकिन सनसनाती बर्फीली हवाओं के हाड़कंपा देने वाली ठंड से जिंदगी सिहरी रही। रविवार का अवकाश होने के कारण आज तमाम लोगों ने बाजार की चहल पहल मे शामिल होने के बजाय घर पर ही रहना मुनासिब समझा। इसके चलते जिन बाजारों में रविवार को रौनक रहती थी, वहां सन्नाटा नजर आया। मौसम विभाग ने ठंड को लेकर रेड अलर्ट जारी करते हुए अभी सोमवार को भी ऐसा ही मौसम रहने की आशंका जताई है। विगत एक सप्ताह से ठंड के दौर के बीच आज सुबह से कोहरे और बादलों की मौजूदगी के कारण नगर में तापमान काफी नीचे आ गया। नतीजा यह रहा कि शहर सुबह से ही कड़ाके की ठंड में जकड़ा रहा। इसके चलते रविवार के अवकाश में लोगों ने घरों में ही कैद रहना पसंद किया। बाजार में वही लोग निकले, जिन्हें जरूरी काम थे। दोपहर बाद थोड़ी धूप चमकी लेकिन सनसनाती बर्फीली हवाओं के कारण यह धूप भी बेअसर रही और शाम को एक बार फिर से जल्द ही शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। ऐसे में शाम को भी रविवार की छुट्टी का मजा लेने के लिए काफी कम लोग निकले। मौसम में इस ठंड के बाद जहां रूम हीटरों और गर्म वस्त्रों का बाजार गर्माया हुआ है, वहीं बाजारों में शाम के समय दुकानदार लकड़ियां जलाकर अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी के चलते मैदानी क्षेत्रों में हाड़ कंपा देने वाली ठंड जोर पकड़ती जा रही है। सुबह के समय पड़ रहा कोहरा परेशान कर रहा है। दिल्ली और एनसीआर के कुछ हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति जारी रहेगी। दो बैक-टू-बैक पश्चिमी विक्षोभ के 26 और 27 दिसंबर तथा 30 दिसंबर को पश्चिमी हिमालय तक पहुंचने की उम्मीद है। लेकिन अभी इससे दिल्ली और एनसीआर में बारिश के संकेत नहीं हैं। उत्तरी मैदानी इलाकों पर इन पश्चिमी विक्षोभों के कोई महत्वपूर्ण प्रभाव की उम्मीद नहीं करते हैं। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के मैदानी क्षेत्रों में अगले 24 घंटे में घना कोहरा छाए रहने के आसार हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली, हरियाणा, पंजाब जैसे मैदानी राज्यों में भी घने कोहरे के आसार हैं। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों ने अगले एक सप्ताह तक बारिश के साथ ही राज्य के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावनाओं से इनकार किया है। उनका कहना है कि 27 दिसंबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के पूरी तरह से सक्रिय होने के बाद मैदान से लेकर पहाड़ तक कुछ स्थानों पर बारिश के साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की पूरी संभावना है।



प्लास्टिक के कट्टे में ठंड से बचने के लिए छिपा मासूम मूंगफली विक्रेता जिसे बाद में कम्बल दिलाया गया।

|| राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम || || राम ||

**रस्म तेरहवीं**



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय माताजी **श्रीमती शशीबाला गर्ग** (धर्मपत्नी स्व. श्री प्रबोध अग्रवाल) का **स्वर्गवास दिनांक 14 दिसम्बर 2022, दिन बुधवार** को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। उनकी **रस्म तेरहवीं** निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

**आज दिनांक 26 दिसम्बर, 2022, दिन सोमवार**
*हवन ... प्रात: 10 बजे ब्रह्मभोज ... दोपहर 12 बजे रस्म तेरहवीं ... दोपहर 2 बजे*
**स्थान : अग्रसेन भवन,** निकट एटूजेड कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

**—शोकाकुल परिवार—**
अनिल कुमार गर्ग–ऋतु गर्ग, सीए अजय अग्रवाल–रीना अग्रवाल (पुत्र–पुत्रवधु)
अन्जू–प्रवीण कुच्छल, स्मिता–मनोज अग्रवाल (पुत्री–दामाद)
अंकुर गर्ग–प्रियंका गर्ग (पौत्र–पौत्रवधु), आकृति बंसल–दर्पण बंसल (पौत्री–दामाद)
अविरल, अपूर्वा (पौत्र, पौत्री), विराज, अव्यम (प्रपौत्र)
अनिका–रचित गोयल, तनवी–अनुभव बंसल, विधि–अभिषेक गर्ग (धेवती–दामाद)
अनित्य कुच्छल–आंचल (धेवता–बहु), अनुभव अग्रवाल (धेवता)
अधिराज, विवान, अवयान, दीवित (प्रधेवते), रिधा, अन्तालिया (प्रधेवती)

**—प्रतिष्ठान—**
● **अग्रवाल अजय एण्ड एसो. (चार्टेड एकाउंटेंट),** मुजफ्फरनगर
● **सिप अबेकस,** नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
मोबाइल : 7309263204, 9837034955, 9897584955
नोट : कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।

### दिल्ली सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन रद्द

मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)। कोहरे के बीच जहां रेलगाड़ियों का संचालन प्रभावित हो रहा है, वहीं दिल्ली-सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है। दैनिक यात्री संघ ने रेल मंत्री से इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की है। आज इंदौर एक्सप्रेस एक घंटे और इंटरसिटी दो घंटे की देरी से पहुंची। शालीमार एक्सप्रेस भी काफी देरी से पहुंची। कोहरे के कारण कई रेलगाड़ियों के विलंब से चलने से जहां यात्री हलकान हैं, वहीं सुबह दिल्ली के लिए 5.20 और शाम को सहारनपुर के लिए 7.55 पर आने वाली दैनिक यात्रियों की पसंदीदा दिल्ली सहारनपुर पैसेंजर ट्रेन को एक माह के लिए रद्द किए जाने के फैसले से रेल यात्री परेशान हैं। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष घनश्याम भगत ने ट्वीट कर इस ट्रेन का रद्द किए जाने पर रोष जताते हुए इसे फिर से चलाने की मांग की, लेकिन डीआरएम ने कोहरे के कारण यह ट्रेन रद्द किए जाने की बात कह मामले को टाल दिया। हालांकि घनश्याम भगत का कहना है कि उक्त ट्रेन कोहरे के बावजूद समय से चल रही थी। ऐसे में इसे रद्द किए जाने का फैसला पूरी तरह से गलत है। उन्होंने रेलमंत्री से यह फैसला बदलने की मांग की। कोहरे के चलते आज इंदौर एक्सप्रेस एक घंटे और इंटरसिटी दो घंटे विलंब से यहां पहुंची। शालीमार एक्सप्रेस भी काफी देरी से पहुंची। हालांकि अन्य रेलगाड़ियों का संचालन सामान्य रहा।

### तुनिशा आत्महत्या मामले में शीजान खान गिरफ्तार

**मुंबई, 25 दिसंबर (वार्ता)।** टीवी सीरियल अलीबाबा की अभिनेत्री तुनिशा शर्मा की मौत के बाद पुलिस ने उनके को-स्टार शीजान खान को गिरफ्तार कर लिया है। अदालत ने शीजान खान को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। अभिनेत्री तुनिषा शर्मा की मौत के मामले में पुलिस जांच चल रही है और इसी वजह से अभिनेत्री का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है। अब एक्ट्रेस के रिश्तेदार पवन शर्मा ने जानकारी दी है कि 27 दिसंबर को मीरा रोड इलाके में तुनिशा शर्मा का अंतिम संस्कार किया जाएगा। तुनिशा शर्मा मौत मामले में पुलिस ने लव जिहाद के एंगल को सिरे से खारिज किया है। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक तुनिशा को ब्लैकमेल किए जाने का भी कोई एंगल सामने नहीं आया है। अभिनेत्री जीशान खान के साथ रिलेशन में थी और 15 दिन पहले उनका ब्रेकअप हो गया था। बताया जा रहा है कि तुनिशा इसी वजह से टेंशन में थीं। तुनिशा शर्मा के सुसाइड मामले पर अब भाजपा के नेता राम कदम ने रिएक्शन दिया है। उन्होंने अपने बयान में एक्ट्रेस के सुसाइड पर कहा कि तुनिशा शर्मा के परिवार को न्याय मिलेगा और अगर यह लव जिहाद का मामला है तो उसकी जांच होगी और पता लगाया जाएगा कि इसके पीछे कौन से संगठन हैं और षड्यंत्रकारी लोग कौन हैं।

MUZAFFARNAGAR MEDICAL COLLEGE IVF CENTRE IN ASSOCIATION WITH BLOOM IVF

INAUGURATION



DECEMBER 27TH, 10 AM ONWARDS
3RD FLOOR, NEW BUILDING,
MUZAFFARNAGAR MEDICAL COLLEGE

| Dr. Bharti Maheshwari | Shri Raghav Swaroop | Dr. Rohan Palshetkar |
| --- | --- | --- |
| Head of Department | Honorable Vice-Chairman | IVF Consultant |
| Obstetrics and Gynaecology, and IVF Centre MMCH | Muzaffarnagar Medical College and Hospital | Head of Unit Bloom IVF |

# पुरकाजी के पास बनेगी यूपी की पहली काऊ सेंचुरी

## 5 हजार पशुओं के रहने की व्यवस्था, बिजली चालित अंत्येष्टि गृह भी

**पुरकाजी, 25 दिसंबर (बु.)।** छुट्टा पशुओं से फसलों की बर्बादी और पिछले दिनों कई किसानों की मौत के बाद विपक्ष के निशाने पर आई सरकार द्वारा जनपद में आवारा पशुओं की समस्या से जूझ रहे किसानों के लिए काऊ सेंचुरी की स्थापना की जा रही है। इसमें 5000 आवारा पशुओं के रखरखाव की व्यवस्था होगी और दावा किया गया है कि इससे आवारा पशुओं की समस्या से निजात मिलेगी। आज केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने पूरी टीम के साथ भूमि का निरीक्षण किया।

जनपद के किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए पुरकाजी के पास काऊ सेंचुरी स्थापित की जा रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान आज इसके लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करने पुरकाजी खादर क्षेत्र के गांव मेघा चंदन में पहुंचे। उनके साथ केंद्र सरकार के उनके विभागीय अधिकारी, एडीएम प्रशासन तथा एसडीएम सदर भी मौजूद रहे। डॉ. संजीव बालियान ने भूमि का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों को तीन माह में काऊ सेंचुरी का निर्माण कराने के आदेश दिए। वहां पहुंचे किसानों को राज्यमंत्री संजीव बालियान ने भरोसा दिया कि किसी भी किसान के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह प्रदेश में पहली काऊ सेंचुरी होगी, जिसमें 5000 आवारा पशुओं के रखरखाव की व्यवस्था होगी। करीब 10 हेक्टेअर भूमि में सेंचुरी के भवन का निर्माण कराया जाएगा, जिसमें बायोगैस प्लांट सहित कई सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पशुओं के विद्युत चालित अंतिम संस्कार गृह की भी सेंचुरी में व्यवस्था होगी। सेंचुरी के लिए करीब 70 हेक्टेअर भूमि का चयन किया गया है। वह खुद इसके निर्माण पर नजर रखते हुए हैं। इसका निर्माण अगले चार माह में पूरा करा लिया जाएगा। सेंचुरी के निर्माण के बाद अगले छह माह में मुजफ्फरनगर के किसानों को आवारा पशुओं की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी ओर किसान रातों में अपने खेतों की रखवाली करने के बजाय घरों में सो सकेंगे। फसलों की बर्बादी व आवारा पशुओं के हमले के खतरे से भी मुक्ति मिलेगी।

## उपचुनाव हारने के बाद आई सरकार को आवारा पशुओं की याद

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर, (बु.)।** 4 सीटें विधानसभा चुनाव में व 1 सीट उपचुनाव में गंवाने के बाद भाजपा सरकार को अब आवारा पशुओं का सहारा ही नजर आ रहा है। हालांकि भाजपा सरकार को 2022 के मुख्य चुनाव में ही किसानों ने चुनाव से पूर्व ही आगाह कर दिया था कि आवारा पशु उनकी फसलों को पूरी तरह बर्बाद कर रहे हैं। सरकार आवारा पशुओं के लिए कोई समाधान नहीं कर रही है, मगर चुनाव के चलते हाथों-हाथ कोई समाधान नहीं हो पाया। बावजूद उसके खतौली उपचुनाव में फिर एक बार आवारा पशुओं की गूंज प्रदेश सरकार तक पहुंचाई गई, मगर इस बार भी उक्त गूंज पूरी तरह सरकार के कानों में नहीं पहुंची, तो स्थानीय मतदाताओं ने सरकार की बातों को भी नजरअंदाज कर दिया। अब जल्द ही 2024 के सांसदी चुनाव का बिगुल बजने की तैयारी शुरू हुई मानी जा रही है। ऐसे में स्थानीय नेताओं के कानों में कुछ जूं रेंगने लगी है और इसी क्रम में अब आवारा पशुओं की याद अच्छी तरह से भाजपा सरकार के नुमाइंदों को आने लगी है। सरकारी स्तर पर बदइंतजामी के कारण वर्तमान में सड़कों पर बेसहारा घूम रहे आवारा पशु कभी किसी का डण्डा, तो कभी किसी के सान्टे खाते दिखाई पड़ते हैं और इतना ही नहीं अब तो भाजपा सरकार में भी इन पशुओं पर तेजाब तक छिड़का जाने लगा है। ऐसे में अब हो सकता है कि चुनाव जीतने की मंशा से ही उक्त बेजुबान, बेसहारा और आवारा कहे जाने वाले इन पशुओं को कोई सहारा मिल सके।

# पुष्प वर्षा के बीच निकला संघ का बाल पथ संचलन

## ▶▶शाहपुर में आयोजित हुए कार्यक्रम में सैंकड़ों गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने भाग लिया





फोटो बुलेटिन पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक व गणवेश में भाजपा एवं संघ नेता।

**शाहपुर, 25 दिसम्बर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ खंड शाहपुर द्वारा बाल पथ संचलन का आयोजन किया गया। निर्धारित गणवेश में वाद्य यंत्रों की धुन पर स्वयंसेवक चले तो मार्ग में लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया।

रविवार को संघ के पथ संचलन से पूर्व सभी कार्यकर्ता अग्रवाल धर्मशाला, मंगलापुरी मण्डी में एकत्र हुए। आगमन के पश्चात बौद्धिक वर्ग आरम्भ हुआ। मंचासीन अधिकारियों का परिचय खंड कार्यवाह पवन कुमार ने कराया, उसके पश्चात अनमोल बंसल ने अमृत वचन प्रस्तुत किया। नगर कार्यवाह संदीप बंसल ने एकल गीत सुनाया। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिला घोष प्रमुख आलोक कुमार ने कहा कि लोगों को अपनी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से जोड़ने के साथ ही संघ भारत को विश्व गुरू बनाने का काम कर रहा है। विभाग संघ चालक डॉ. हरवीर आर्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल संगल भाई जी ने कहा कि भारत को हजार वर्षों के संघर्ष के बाद स्वाधीनता मिली है। इस स्वतंत्रता का उद्देश्य चिर-पुरातन राष्ट्र को पुनः वैभवशाली बनाना है। पूरे भारतवर्ष को एक समाज के रूप में प्रतिष्ठित करना संघ की सोच है। संघ इसी के लिए नित्य साधना कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक समाज, राष्ट्र और जन समूह को अपना इतिहास ठीक प्रकार से समझना चाहिए। जो समाज या राष्ट्र अपने इतिहास की गलतियों से सीख नहीं लेता, अस्तित्व समाप्त हो जाता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने इतिहास की गलतियां दोबारा न हों, इसके लिए संघ की स्थापना की थी। बौद्धिक वर्ग के बाद पथ संचलन शुरू हुआ। दंड सहित पूर्ण गणवेश में संघ के छोट-छोटे बाल स्वयंसेवक पूर्ण अनुशासित संचलन मे चल रहे थे। पथ संचलन का समाज के प्रत्येक वर्ग द्वारा हर्षोल्लास से पुष्प वर्षा द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान नगरवासियों द्वारा लगाए जा रहे भारत माता के जयकारों से पूरे नगर को गुंजायमान कर दिया। संघ के घोष वादकों द्वारा वादन से लोग मंत्रमुग्ध नजर आए।

संचलन धर्मशाला से शुरू होकर मुख्य चौराहे से लेकर मेन बाजार से निकलते हुए धर्मशाला पर ही संपन्न हुआ। इस मौके पर खंड कार्यवाह पवन कुमार खुब्बापुर, खंड संचालक मदनपाल काकड़ा, सुबोध शर्मा काकड़ा, नगर कार्यवाह संदीप बंसल एडवोकेट, सह खंड कार्यवाह गौरव गोयल, प्रचार प्रमुख आदित्य सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष परमेश सैनी, संघ के पूर्व नगर कार्यवाह मणिकांत मित्तल, भाजपा नेता उमेश मित्तल, वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल, वरिष्ठ स्वयंसेवक अजय शर्मा, सेवा भारती के खंड प्रमुख विजय बंसल, भाग्य शर्मा, मनमोहन दास बंसल, अजय बंसल, मुकुंद शर्मा, अनमोल बंसल, थवनेश बंसल, उमेश मित्तल, हनु मित्तल, नवदीप मित्तल, दर्शित मित्तल, दिव्यांश मित्तल, अनुज सैनी, चतरसेन सैनी, विक्रांत सैनी, प्रवीण सैनी, मनीष सिंघल, डाक्टर राजू, भारत वीर, डॉ. मोहित शर्मा, वासु, अभिषेक अग्रवाल, अतुल त्यागी निजामपुर, प्रधान कुलदीप त्यागी चांदपुर, पूर्व प्रधान अमित त्यागी, रिंकू पुरा, विनीत त्यागी सोहंजनी, अमित बालियान, सभासद विशाल गर्ग, अमन मित्तल शोरम सहित सैंकड़ों छोटे-छोटे बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे। टीम सेवा भारती खंड शाहपुर और कल्पना चावला इंटर कॉलेज के प्रबंधक सत्येंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। सफाई नायक राजीव कुमार अपनी पूरी टीम के साथ सफाई व्यवस्था में लगे रहे। थाना प्रभारी करमबीर सिंह और चौकी इंचार्ज नरेश सिंधु स्टाफ के साथ मुस्तैद रहे।

# श्रीकृष्ण जानकी सरस्वती विद्या मन्दिर में गणित व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



फोटो बुलेटिन सम्बोधन करते सेवा भारती के विभागीय मंत्री रमेश साई।

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** श्रीकृष्ण जानकी सरस्वती शिशु विद्यामन्दिर गाँधी कॉलोनी द्वारा भारत के गौरव महान गणितगय रामानुजन की जयंती पर गणित/विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 150 भैया-बहिनों ने विभिन्न मॉडल के साथ सहभागिता की गई, जिसमें अपनी प्रबन्ध समिति के साथ रमेश साई विभागीय मंत्री सेवा भारती, विजय अरोड़ा चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया गया। विद्यालय के अभिभावकों और आगन्तुकों ने भैया बहिनों के प्रयास की बहुत सराहना की। आगन्तुकों, प्रबंध समिति द्वारा सम्पूर्ण विद्यालय परिवार को इस पर शुभकामनाएं प्रदान की गई। अनिल धमीजा विद्यालय संरक्षक, विकास आहुजा अध्यक्ष द्वारा आगन्तुकों का आभार व धन्यवाद किया गया।

# बाल शिशु पथ संचलन निकाला

**जानसठ, 25 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के ब्लॉक परिसर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड जानसठ के द्वारा बाल शिशु पथ संचलन किया गया, जिसमें जिला संपर्क प्रमुख डॉ. तेजवीर का बौद्धिक हुआ। डॉ. तेजवीर ने बताया 20 दिसंबर से 27 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह के चार पुत्रों को इस्लाम धर्म नहीं अपनाने के कारण दीवारों में चुनवा दिया गया था। हमारी भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता को सभी लोग भूल गए हैं, क्रिसमस डे जोकि ईसाई संस्कृति का प्रतीक है, को मनाने में लग गए हैं। पथ संचलन ब्लॉक परिसर से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ वापस वहीं पर आकर समाप्त हुआ। इस दौरान पुलिस की कड़ी व्यवस्था रही। पथ संचलन में खंड प्रचारक अमित, खंड संघचालक कनक सिंह व सह खंड संघचालक प्रदीप, खंड कार्यवाह अजय, सह खंडकार्यवाह गौरव, खंड व्यवस्था प्रमुख मनोज, खंड बौद्धिक प्रमुख अभिषेक, खंड शारीरिक प्रमुख रविंदर, खंड प्रचार प्रमुख नवीन, अंकुर, शशिकांत, शिवम, आशीष, नीरज, सचिन, अश्वनी आदि सैकड़ों स्वयसेवक उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को मंत्रियों ने बांटी ट्राई साइकिल



फोटो बुलेटिन दिव्यांग को ट्राईसाइकिल देते मंत्री कपिल देव व नरेंद्र कश्यप।

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** योगी सरकार की पहल पर मेरठ रोड नुमाईश ग्राउंड मैदान में शनिवार को राज्यमंत्री कपिल देव की मौजूदगी में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की गई। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से शुरू की गई उक्त कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत ट्राईसाइकिल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के कौशल विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

शनिवार को नगर मुख्यालय पर आयोजित किए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण योजनान्तर्गत मुजफ्फरनगर जिले में कुल 235 दिव्यांग लाभार्थियों को विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल वितरण में मुख्य रूप से नरेन्द्र कुमार कश्यप, राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार, पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजीव कुमार अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति ने किया। दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरण समारोह में राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, सीडीओ संदीप भागिया, अभय कुमार श्रीवास्तव, उप निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग, सहारनपुर मण्डल, शिवेन्द्र कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों को फूल माला पहनाकर स्वागत के साथ में ट्राईसाइकल वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैदिक पुत्री कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की प्रवक्ता मीना चौधरी व छात्राओं का विशेष रूप से इस दौरान सहयोग रहा।

## श्रद्धा नमन.....



फोटो बुलेटिन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रख्यात शिक्षाविद, हिंदू विश्वविद्यालय बनारस के संस्थापक व सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत पंडित मदनमोहन मालवीय जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करते पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, भाजपा नेता राजेश पाराशर, पूर्व सभासद बिजेन्द्र पाल व अन्य गणमान्य लोग।

# जुआ व सट्टा खाईबाड़ी में 6 आरोपी गिरफ्तार

**कैराना, 25 दिसम्बर (बु.)।** अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर पुलिस ने जुआ व सट्टे की खाईबाड़ी करने के आरोप में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक बंटी सिंह ने जगनपुर रोड स्थित खंडहर हसन स्टील फैक्ट्री पर छापेमारी की। मौके से नाजिम, मूसा, उस्मान, अनवर उर्फ जीशान व साहेबान उर्फ सोनू निवासीगण मोहल्ला बंजारा बस्ती आर्यपुरी को गिरफ्तार कर लिया, जिनके कब्जे से 960 रुपये नकद व 52 ताश के पत्ते बरामद हुए। उधर, पुलिस टीम ने सीएचसी की दीवार की आड़ में सट्टे की खाईबाड़ी के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जिसके कब्जे से 490 रुपये की नकदी, पैंसिल व सट्टा पर्ची बरामद हुई। आरोपी ने अपना नाम राशिद निवासी मोहल्ला खैलकलां बताया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का चालान कर दिया है।

# भाजपाइयों ने मनाई अटल जयंती



**जानसठ, 25 दिसम्बर (बु.)।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। रविवार को डाक बंगले पर पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया तथा उनके बताए रास्ते पर चलकर राष्ट्र के विकास में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान एलडीबी के चेयरमैन बृजेश रस्तोगी व मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता द्वारा कार्यकर्ताओं को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कार्यशैली व उनके जीवन से प्रेरणा लेकर पार्टी को समर्पित भाव से आगे बढ़ाने व राष्ट्र निर्माण में कार्य करने की अपील की गई। इस दौरान कार्यक्रम में सतीश खटीक, मुकेश शर्मा, मंडल महामंत्री रोहित खत्री, रामनिवास प्रजापति, पवन कुमार, गौरव वाल्मीकि, पंकज कश्यप, धर्मेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# मालवीय जी को किया गया श्रद्धा से नमन

## -ब्राह्मण समाज ने माल्यार्पण व हवन-पूजन कर किया प्रसाद वितरण





**मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** देशभर के साथ जनपद मुख्यालय और गांव देहात तक रविवार को भारत रत्न शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर उनकी जयंती के अवसर पर हवन-पूजन उपरांत माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस दौरान मालवीय चौक स्थित प्रतिमा स्थल पर पं. प्रह्लाद शर्मा जिलाध्यक्ष कर्मकांड प्रकोष्ट के सानिध्य में ब्राह्मण समाज के लोगों की उपस्थिति में हवन-पूजन का आयोजन किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम स्थल पर पूर्ण आहुति के बाद में प्रसाद वितरण किया गया। रविवार को मालवीय चौक स्थित प्रांगण में राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ संगठन की ओर से भारत रत्न, शिक्षाविद व महान स्वतंत्रता सैनानी पं. मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर उनके आदर्शो को जीवन में अपनाने के साथ उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सर्व समाज हित में कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के अलावा विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े सैंकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा से नमन किया। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंडित सुबोध शर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन सतपाल सिंह पाल, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष शर्मा, पं. सुबोध शर्मा, प्रमोद शर्मा, उमादत्त शर्मा, राकेश शर्मा, अमित चौधरी प्रमुख सदर ब्लॉक, योगेश शर्मा, राजेश पाराशर, पुनीत वशिष्ट, व्यापारी नेता संजय मिश्रा, रवि शर्मा, पंकज शर्मा, रमन शर्मा, सुखवीर, रोहित शर्मा, अमित वत्स, डॉ. संदीप शर्मा, हरीश गौतम, अमित वत्स, अखिलेश शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, रजनीश वशिष्ट, अविनाश भारद्वाज, रजनीश शर्मा, अमित भारद्वाज एड, अजय एडवोकेट, अमित शास्त्री, सुनील अंगिरा, पंकज शर्मा, कमल कांत शर्मा, अनुपम शर्मा, पं. ध्यानचंद कुश, अनिल आनन्द, अमरनाथ शर्मा, शैलेन्द्र गौतम, सुभाष गौतम, बिट्टू प्रधान, सुबोध शर्मा, किरनपाल शर्मा, सतीश कौशिक, नितिन शर्मा, अखिल वत्स, विजय भारद्वाज, मनोज कपिल, संजीव शर्मा, निशा शर्मा जिलाध्यक्षा महिला विंग मौजूद रहे। इसके अलावा अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना मंच के राष्ट्रीय संयोजक सतीश शर्मा ने भी मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धा से नमन किया। इस दौरान डॉ. सुरेश भारद्वाज, तेलूराम त्यागी, विकास शर्मा, अरविन्द मिश्रा आदि मौजूद रहे। राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी,भारत रत्न महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और हवन पूजन कर बड़ी धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया, जिसमें पंडित सुबोध शर्मा, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, प्रहलाद शर्मा, अखिल शर्मा, पं. ध्यानचंद कुश, नितिन शर्मा, मनोज कौशिक, भीम पंडित, राकेश शर्मा, डॉ. शैलेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अवैध छुरे के साथ घूम रहे एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**कैराना, 25 दिसम्बर (बु.)।** पुलिस ने अवैध छुरा सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि चैकिंग के दौरान उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार की टीम ने मुखबिर की सूचना पर भूरा मंदिर के निकट से कय्यूम निवासी गांव बीबीपुर हटिया को गिरफ्तार किया, जिसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# इस सप्ताह का राशिफल

**26 दिसम्बर से 01 जनवरी 2023**

हस्तरेखा-अंक ज्योतिष विशेषज्ञ, वास्तुशास्त्र व रत्न परामर्शदाता
विमल जैन
एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (आकांक्षा हास्पिटल के निकट), भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ० प्र०)
मो० नं० : 09335414722



विमल जैन



चू, चे, चो, ला ली, लू, ले, लो, आ — नक्षत्र अश्वनी भरणी कृतिका, चरण 1234 1234 1

**मेष**– सप्ताह में 26 से 28 दिसम्बर तक ग्रहयोग बेहतर रहेगा। आर्थिक-प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। मनोबल में वृद्धि होगी। आत्मीयजनं का व्यवहार आशा के अनुकूल रहेगा। वैवाहिक जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। विवादास्पद मसला हल होने को होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क होगा। नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला सुलझने को होगा। परोपकार की भावना जागृत होगी। आत्मिक शांति की अनुभूति मिलेगी। 29 से 31 के दिन 11/47 बजे तक समस्याओं से अशान्ति रहेगी। संकल्प-विकल्प से कार्य बिगड़ेंगे। अभिलाषा की पूर्ति में व्यवधान उपस्थित होगा। असमंजस की स्थिति। जीवनसाथी से मनमुटाव। 1 जनवरी तक समय सफलता में सहायक होगी।



ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो — नक्षत्र कृतिका रोहणी मृगशिरा, चरण 234 1234 122

**वृषभ**- सप्ताह में 26 से 31 दिसम्बर के दिन 11/47 बजे तक समस्याएँ दूर होने को होगी। नवयोजना दृष्टिगत होगा। वाद-विवाद समापन पर होगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कृत्य सम्पन्न होगा। स्वजनों-प्रियजनों के माध्यम से वांछित सहयोग मिलेगा। यश-मान प्रतिष्ठा परक कृत्य सम्पन्न होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम मिलेगा। वैवाहिक जीवन खुशहाल रहेगा। जटिल समस्या का समाधान पक्ष में होगा। शेष 1 जनवरी तक समय निराशाजनक रहेगा। बनी-बनायी योजना अधूरी रहेगी। पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। व्यापारिक पक्ष में जोखिम से हानि होगी। नव समस्याएँ उत्पन्न होंगी।



का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा — नक्षत्र मृगशिरा आर्द्रा पुर्नवसु, चरण 34 1234 123

**मिथुन**- सप्ताह में 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय शुभ रहेगा। निराशा का समापन होगा। व्यावसायिक दृष्टिकोण से समय हितकर रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित होगा। विनियोजित प्रतिफल आशानुकूल मिलेगा। धार्मिक क्रिया कलापों के प्रति अभिरुचि रहेगी। आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ होंगे। कर्ज की अदायगी का प्रयास होगा। संतान के स्वास्थ्य के प्रति चिंता कुछ कम होगी। जीवनसाथी से मधुरता की स्थिति बनी रहेगी। कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में सफलता हासिल होगी। सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। स्वास्थ्य सुधार पर होगा। पारिवारिक सम्बन्धों में उपस्थित कटुता समाप्त होगी। धार्मिक गतिविधियों में अभिरुचि रहेगी।



ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो — नक्षत्र पुर्नवसु पुष्य आश्वलेषा, चरण 4 1234 1234

**कर्क**– सप्ताह में 26 दिसम्बर को ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में रहेगा। कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता का सुअवसर प्राप्त होगा। नवसम्पर्क का सुयोग बनेगा। भोग-विलासिता की ओर रुझान रहेगा। सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान रहेगा। 27 व 28 को प्रतिकूलता की स्थिति रहेगी। स्वास्थ्य विपरीत रहेगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में विलम्ब होगा। पारिवारिक संबंधों में वैमनस्यता की स्थिति रहेगी। किसी बात को लेकर चिंतित रहेंगे। मन व्यथित रहेगा। 29 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय अच्छा गुजरेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कुछेक समस्याओं का संतोषजनक समाधान होगा। दर्शनीय स्थलों की यात्रा से मन प्रसन्न रहेगा। धन संचय की ओर अभिरुचि रहेगी। परोपकार की भावना जागृत होगी।



मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू,ट — नक्षत्र मघा पू.फा. उ.फा., चरण 1234 1234 1

**सिंह**- सप्ताह में 26 से 28 दिसम्बर तक अधूरे कार्यो की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील रहेंगे। पुरुषार्थ के प्रति रुचि रहेगी। मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श होगा। परिवार में आपसी सद्‌भाव बनी रहेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता की स्थिति रहेगी। सत्संग से आत्मिक शांति मिलेगी। बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी। पारिवारिक कठिनाइयों में कमी महसूस होगी। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। राजनैतिक-क्रिया कलापों की ओर रुचि जागृत होगी। अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। 29 से 31 के दिन 11/47 बजे तक उलझनें प्रभावी रहेगी। आर्थिक पक्ष से असंतोष रहेगा। इच्छित कार्यों में व्यवधान रहेगा। आहार-विहार की अनियमितता से स्वास्थ्य पर कुप्रभाव पड़ेगा। वाहन से दुर्घटना की आशंका बनी रहेगी।



टो, पा, पी, पू, प, ण, ठ, पे, पो — नक्षत्र उ.फा. हस्त चित्रा, चरण 234 1234 12

**कन्या**- सप्ताह में 26 से 31 दिसम्बर के दिन 11/47 बजे तक विविध पक्षों में अनुकूलता बनी रहेगी। शुभ-भावनाओं का उदय होगा। आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। व्यावसायिक योजना साकार होने की ओर होगी। पुरातन विवाद के समापन से खुशी होगी। किसी के माध्यम से बकाए रकम की वसूली होगी। दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। जनकल्याण की ओर रुझान रहेगा। गलतफहमियाँ दूर होने से आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। समझदारी से लिया गया निर्णय लाभ में सहायक रहेगा। मनोरंजन की ओर रुझान रहेगा। व्यवसाय में धन निवेश होगा। 1 जनवरी तक समय अहितकर। परिवार में आपसी मतभेद रहेगा। इच्छित योजना अधूरी। शारीरिक-मानसिक सुख में कमी।



रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, त — नक्षत्र चित्रा स्वाति विशाखा, चरण 34 1234 123

**तुला**- सप्ताह में 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय भाग्य के पक्ष में रहेगा। प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा। मित्रों-परिजनों एवं अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त होगा। हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। मंगल आयोजन सम्पन्न होंगे। परोपकार की भावना से आत्मिक शांति की अनुभूति होगी। नवसम्पर्क उपयोगी रहेगा। सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि रहेगी। आपसी वैमनस्यता में कमी आयेगी। विवादास्पद मसला सुलझेगा। प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परोपकार की भावना जागृत होगी। घरेलू सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। विचारित योजना का शुभारम्भ होगा। प्रगति में उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। सन्तान पक्ष के उत्कर्ष रहेगा। भोग-विलासिता में रुझान रहेगा।



तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू — नक्षत्र विशाखा अनुराधा ज्येष्ठा, चरण 4 1234 1234

**वृश्चिक**– सप्ताह में 26 दिसम्बर को कुछेक समस्याओं का समाधान होगा। बुद्धि-चातुर्य से सफलता का सुयोग बनेगा। पदोन्नति या स्थानान्तरण संबंधी मसला सुलझेगा। सद्विचारों का उदय होगा। आय के नवीन स्रोत उपस्थित होगे। हर्ष होगा। 27 व 28 को अड़चनें रहेगी। स्वास्थ्य में व्यतिक्रम रहेगा। व्यापारिक पक्ष में निराशा की स्थिति रहेगी। किसी मुद्दे पर तनाव रहेगा। पारिवारिक उलझनों का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ भ्रमण से अपव्यय होगा। विवाद संभव है। 29 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय उन्नतिकारक रहेगा। व्यापारिक क्षेत्र में अनुकूलता की स्थिति रहेगी। परोपकार की भावना जागृत होगी। पारिवारिक सौहार्द रहेगा। आपसीजनों का व्यवहार आशा के अनुरूप रहेगा।



ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढ़ा, ढे — नक्षत्र मूल पू.षा. उ.षा., चरण 1234 1234 1

**धनु**- सप्ताह में 26 से 28 दिसम्बर तक दिनमान पक्ष में रहेगा। व्यापार में विस्तार होगा। नव परिवर्तन की योजना फलीभूत होगी। वैवाहिक अड़चनें समाप्त होगी। जीवनसाथी से सामंजस्य बना रहेगा। दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत मिलेगी। उच्चाधिकारियों से सम्पर्क बनेगा। लाभ की स्थिति रहेगी। राजकीय पक्ष से अपेक्षित सहयोग मिलेगा। आपके हितैषी आपका समय पर साथ देंगे। मनो-विनोद के अवसर सुलभ होंगे। नवीन उपलब्धि होगी। हर्ष होगा। 29 से 31 के दिन 11/47 बजे तक महत्वपूर्ण कार्यों में व्यवधान रहेगा। आपसी संबंधों में तनाव रहेगा। आय की तुलना में व्यय अधिक होगा। विरोधी हानि पहुँचाने की कोशिश करेंगे। दुर्घटना की आशंका रहेगी। शेष 1 जनवरी तक समय शुभ रहेगा।



भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी — नक्षत्र उ.षा. श्रवण धनिष्ठा, चरण 234 1234 12

**मकर**- सप्ताह में 26 से 31 दिसम्बर के दिन 11/47 बजे तक योजना पूर्ण होने को होगी। स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर सिद्ध होगा। किसी योजना का सुपरिणाम प्राप्त होगा। धार्मिक क्रियाकलापों की ओर रुझान रहेगा। सद्विचारों का उदय होगा। कुछेक समस्याएँ आपके पक्ष में सुलझेगी। व्यापारिक वातावरण अनुकूल रहेगा। आरोग्य सुख में वृद्धि होगी। दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग उपस्थित होगा। सुसमाचार मिलने से खुशी होगी। मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न होगा। विवाद का समापन होगा। लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा। संत समागम होगा। उपस्थित व्यवधान समाप्त होगा। खुशी भी होगी। शेष 1 जनवरी तक समय आशा के विपरीत रहेगा। अभीष्टद्द कार्यों में परेशानी से गुजरना पड़ेगा।



गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा — नक्षत्र धनिष्ठा शतभिषा पू.भाद्रा, चरण 34 1234 123

**कुंभ**- सप्ताह में 26 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय सन्तोषजनक रहेगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। अधूरे कार्यो की पूर्ति हेतु मित्रों-परिजनों से विचार-विमर्श होगा। आरोग्य सुख में उपस्थित व्यवधान कम होगा। विवादास्पद मसला पक्ष में सुलझने को होगा। प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क बनेगा। व्यापारिक क्षेत्र में नवपरिवर्तन की दिशा में प्रयास सार्थक होगा। धर्म-अध्यात्म में रुचि रहेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। श्रेष्ठजनों से सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त होगा। धन संचय की ओर अभिरुचि रहेगी। नवसमाचार मिलने से प्रसन्नता रहेगी। मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त होंगे। दर्शनीय स्थलों की यात्रा मंगलमय होगी।



दी, दू, थ, -ा, भ, दे, दो, चा, ची — नक्षत्र पू.भा. उ.भा. रेवती, चरण 4 1234 1234

**मीन**-सप्ताह में 26 दिसम्बर को उन्नति का सुअवसर प्राप्त होगा। व्यक्तित्व का विकास होगा। व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल रहेगा। परेशानी में कमी महसूस होगी। मित्रों से सहयोग मिलेगा। अकल्पित लाभ होगा। यात्रा का सुपरिणाम मिलेगा। पुरातन सम्पर्क का लाभ मिलेगा। 27 व 28 को दिन अशुभ रहेगा। सोचे हुए कार्य अधूरे रहेंगे। व्यवहार में जरा-सी लापरवाही नुकसानदायक होगी। मनोबल में कमी का एहसास होगा। दूसरों की भूल से स्वयं को कष्ट होगा। 29 दिसम्बर से 1 जनवरी 2023 तक समय अनुकूल रहेगा। आर्थिक पक्ष बेहतर बनने को होगा। पराक्रम से कार्य सफल होंगे। शुभ-भावनाओं का उदय होगा। विरोधी हानि पहुँचाने में असफल रहेंगे। उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा।

**व्रत-त्यौहार, जयंती** :- 1. सोमवार 26 दिसंबर-वैनायकी श्रीगणेश चतुर्थी व्रत, हिजरी जमादि उस्सानी 6 माह शुरू। 2. गुरुवार 29 दिसंबर-सतगुरू श्री गोविंद सिंह जयंती। 3. शुक्रवार 30 दिसंबर-श्री दुर्गाष्टमी व्रत, श्री अन्नपूर्णा अष्टमी व्रत।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

**सम्पादक की क़लम से**

# ठण्ड और कोविड से बचाव

इस समय कड़ाके की ठण्ड और कोविड दोनों ही से बचाव की जरूरत है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले चार-पांच दिनों में चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में घने कोहरे की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में शीत लहर की स्थिति देखी जायेगी। दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में भी विजिबिलिटी कम होने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर प्रदेश और उत्तर-पश्चिम राजस्थान में भी लोग शीतलहर से प्रभावित होंगे। उत्तरी राजस्थान के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में भीषण ठण्ड की स्थिति की चेतावनी जारी की गयी है। दिल्ली में कड़ाके की ठण्ड पड़ने की संभावना है। आजकल के तापमान में और गिरावट आ सकती है। कई स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति रहने की संभावना है। उत्तर रेलवे ने जानकारी दी है कि दिल्ली में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। उत्तर भारत में घना कोहरा चल रहा है, जिससे विजिबिलिटी कम है। उत्तर प्रदेश में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और अधिकतम तापमान 20-22 डिग्री के आसपास चल रहा है। उत्तर प्रदेश में ठंड का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 36 जिलों में ठंड को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य में अगले कुछ दिन में पारे का लेवल और नीचे जाने की संभावना है, जिससे शीत लहर के हालात बिगड़ेंगे और पहले से अधिक कोहरा छाएगा। उत्तराखण्ड भी ठण्ड की चपेट में है। ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार और देहरादून के कई क्षेत्र घने कोहरे की चपेट में रहे, जिससे वाहनों की रफ्तार थम गई। आने वाले दो दिनों तक इन क्षेत्रों में घना कोहरा छाया रहेगा। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। सर्द हवाएं चलने से ठण्ड में इजाफा होगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी अंतर रहेगा, जो कि सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के उत्तरकाशी, चमौली और पिथौरागढ़ जिले में हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना बन रही है। इसके बाद इन 3 जिलों में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा, जिसका असर हल्की बारिश और बर्फबारी के रूप में देखने को मिलेगा। कोहरे के येलो अलर्ट को देखते हुए वाहन चालकों से सावधानी के साथ वाहन चलाने की अपील की गई है। चिकित्सकों का कहना है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 18 डिग्री तक का अंतर रह सकता है, जो कि सर्दी, जुकाम के लिए अनुकूल मौसम होता है। ऐसे में बच्चों और बुजुर्गों का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आने वाले दो-तीन दिन मौसम के ऐसे ही बने रहने के आसार हैं। कोहरा पड़ने के साथ ही गलन भी बढ़ सकती है। घने कोहरे के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी। पहाड़ से आने वाली ठंडी हवाएं मैदानी क्षेत्रों में ठिठुरन बढ़ाएंगी। चीन में फैल रहे कोरोना संक्रमण के बाद सारी दुनिया एक बार फिर अलर्ट पर है। चीन में इस बीएफ.7 नाम का कोविड सब-वेरिएंट कहर ढाता दिख रहा है। चीन की तरफ से भले ही संक्रमण के असर को कमतर दिखाया जा रहा हो, लेकिन वहां से आ रही तस्वीरें भयावह हैं। भारत में बीएफ.7 सबवेरिएंट के कुछ मामले मिले हैं, जिसके बाद से भारत सरकार की सक्रियता भी बढ़ गई है। एक बार फिर पुरानी कोविड गाइडलाइन्स चर्चा शुरू हो गई है। प्रधानमन्त्री ने भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनने, टेस्टिंग बढ़ाने और जीनोमिक सीक्वेंसिंग की अपील की है। उन्होंने कमजोर और बुजुर्गों के लिए कोरोना वैक्सीन की प्रीकॉशनरी डोज लेने का भी आग्रह किया। कोविड को लेकर स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसके बाद नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने एक वीडियो ट्वीट किया है, जिसमें वो कह रहे हैं कि लोगों को डरने की जरूरत नहीं है, भारत सुरक्षित जोन में है। उन्होंने कहा अभी सर्दियों के दिन हैं और कई लोगों को सर्दी जुकाम की शिकायत हो सकती है, ऐसे लोग अपनी जांच करवाएं। हो सकता है कि ये कोरोना वायरस हो और ये भी हो सकता है कि ये इंफ्लूएंजा जैसा कोई और वायरस हो। उन्होंने लोगों से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने को कहा और कहा कि उम्रदराज लोगों का खास ध्यान रखा जाना चाहिए। क्रिसमस के त्यौहार पर कनाडा और अमेरिका में बर्फीले तूफान से कम से कम 20 लोगों की मौत होने की खबर है। उत्तरी अमेरिका में पिछले कई सालों में आए सबसे भयंकर बर्फीले तूफान के कारण क्रिसमस के दिन करोड़ों लोगों को और मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वे पिछले कई दिनों से शून्य से काफी नीचे के तापमान में जीने को मजबूर हैं। कुछ इलाकों में तो तापमान माइनस 50 डिग्री तक चला गया है। करीब 10 लाख लोग बिना बिजली के अंधेरे में गुजारा कर रहे हैं। मौसम के बेहद खराब होने से आवागमन पर बहुत बुरा असर हुआ है। ऐसे में छुट्टियों पर लोगों को अपने परिवार के पास पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ठण्ड के मौसम में जुकाम और इन्फ्लूएंजा के पेशेंट्स बढ़ गए हैं। डॉक्टर्स का कहना है कि इस साल ओपीडी में पिछले दो सालों के मुकाबले इन्फ्लूएंजा के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इस कंडीशन में अब कई लोग कन्फ्यूज्ड हैं कि फ्लू शॉट यानी फ्लू की वैक्सीन लगवाएं या नहीं।ज्यादातर लोगों ने अब तक बूस्टर डोज नहीं लिया है और अब वो इसे लगवाना चाहते हैं। ऐसे में कन्फ्यूजन यह है कि क्या दोनों वैक्सीन एक साथ लगवाई जा सकती हैं या नहीं। डॉक्टर्स का कहना है कि हर किसी को फ्लू शॉट लेना चाहिए, जिन्हें फ्लू होने की आशंका ज्यादा रहती है, उन्हें इसे लेने में कोई लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। छोटे बच्चे, बुजुर्ग, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोग या किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को समय पर फ्लू शॉट ले लेना चाहिए। हर साल सितंबर-अक्टूबर और मार्च-अप्रैल में फ्लू शॉट का नया वर्जन आता है। भारत में डायबिटीज, दिल की बीमारी और कमजोर इम्यूनिटी से कई लोग परेशान है। ऐसे लोगों को फ्लू शॉट जरूर लेना चाहिए। इन्फ्लूएंजा वायरस से लंग्स पर गंभीर असर पड़ सकता है। इसलिए इसकी वैक्सीन लगवाना जरूरी है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"ठण्ड" "सफर" "जहमत" "मफलर"

घर से बाहर निकल के जब देखा, ठण्ड ही ठण्ड बस नजर आयी,
रेल का हो सफर के गाड़ी का,आजकल हर सफर में जहमत है।
कैप,मफलर,जुराब,दस्ताने,चाय,काफी,अलाव,फुल कंबल,
गर्म पानी,लिहाफ और हीटर,इन दिनों बस यही जरूरत है।











सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के विरोध के चलते रविवार को जैन समाज सड़कों पर उतरा और विरोध प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। -फोटो बुलेटिन

## बुढ़ाना नगर पंचायत में मनाया सुशासन दिवस

बुढ़ाना 25 दिसंबर (बु.) नगर पंचायत बुढ़ाना परिसर में रविवार के दिन देश के पूर्व प्रधानमन्त्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को सुशासन दिवस के रूप में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को बधाई देकर मनाया गया। यहां पर नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों को मिष्ठान का भी वितरण किया गया। मिली जानकारी के अनुसार आज रविवार के दिन देश के पूर्व प्रधानमन्त्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को नगर पंचायत बुढ़ाना कार्यालय के सभागार में नगर पंचायत के समस्त कर्मचारियों द्वारा सुशासन दिवस के रूप में बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा समस्त कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ भी ग्रहण की गई और अपना कार्य पूरी इमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। सभी कर्मचारियों द्वारा एक-दूसरे को अटल के जन्मदिन की भी बधाई दी गई। इस अवसर पर बुढ़ाना नगर पंचायत के लिपिक सतीश कुमार, दिनेश त्यागी, सचिन गोयल, सचिन कोरी, गुलशन, रवि, बारू और उमंग सहित समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनाई

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। आज रविवार को विश्वकर्मा धर्मशाला मंदिर समिति (रजि.) इंदिरा कालोनी द्वारा धर्मशाला में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने हेतू एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद समिति के अध्यक्ष सरदार बलविंदर सिंह ने ज्ञानी जैल सिंह की जीवनी के बारे में बताया और बोले कि ज्ञानी जैलसिंह का जन्म 5 मई 1916 को कोटकपुरा से 4 कि०मी० दूर संधवान ग्राम में हुआ था। सिख धर्म के विद्वान पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके ज्ञानी जैलसिंह अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, सत्यनिष्ठा के राजनीतिक कठिन रास्तों को पार करते हुए 25 जुलाई 1982 में भारत के गौरवमयी राष्ट्रपति के पद पर आसीन हुए। 25 जुलाई 1987 तक के अपने कार्यकाल के दौरान इन्हें 'ब्लूस्टार आपरेशन' एवं इंदिरा गांधी की हत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थितियों से गुजरना पड़ा।



25 दिसम्बर को 1994 में चंडीगढ़ में उपचार के दौरान की उनकी मृत्यु हो गयी थी। उनकी मृत्यु के बाद भारत सरकार ने सात दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित किया था। उनकी याद में भारतीय पोस्ट विभाग ने 1995 में सिंह की पहली मृत्यु एनिवर्सरी पर एक पोस्टेज स्टैम्प भी जारी किया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सरदार बलविंदर सिंह, मंत्री नरेंद्र श्रृंगी, नरेश कुमार विश्वकर्मा, कालूराम धीमान, देवदत्त धीमान, सत्यव्रत आर्य, सरदार हरविंदर सिंह, अमर सिंह धीमान, महेंद्र दत्त धीमान, जनार्दन विश्वकर्मा, राजेश धीमान, सतीश धीमान, रमेश चंद धीमान, श्याम लाल धीमान, अरविंद धीमान, शिव कुमार धीमान, ब्रजभूषण धीमान, रमेश चंद धीमान, सुनील धीमान, चंद्र दत्त धीमान, अनुज धीमान, जयप्रकाश धीमान, बिट्टू धीमान, यश धीमान, गौरव धीमान, महेंद्र कुमार धीमान, अर्जुन धीमान, अनिल धीमान, बृजेश धीमान, रामपाल मान, मोहित धीमान, सूरज दत्त धीमान, सचिन धीमान, सुभाष धीमान, अंकित धीमान, सत्य प्रकाश धीमान, कपिल धीमान,मोनू धीमान,सरदार दलजीत सिंह,शुभम विश्वकर्मा,आशीष विश्वकर्मा, हिमांशु आर्य, ए.के. विश्वकर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

# मालवीय भवन का माधवाश्रम जी महाराज ने किया लोकार्पण

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। मालवीय जयंती पर गांधी कालोनी स्थित मौहल्ला शिवनगर में मालवीय भवन का रविवार को लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शुक्रताल से पधारे दण्डी स्वामी महादेवाश्रम जी महाराज ने फीता काट कर मालवीय भवन का उद्घाटन किया।इस बीच संपन्न कार्यक्रम में सभी दानदाताओं को महाराज श्री के द्वारा आशीर्वाद स्वरूप सम्मानित किया गया। मालवीय भवन के लोकार्पण अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे आचार्य होती लाल शर्मा ने अपने प्रवचन में समाज में एकता पर बल देते हुए बच्चों को संस्कारित करने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. ओमप्रकाश शर्मा नाईपुरा तथा संचालन पं. उमादत्त शर्मा ने किया। इस अवसर पर शहर के प्रमुख लोगों में से पं. महेश्वर शास्त्री, सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, उपेन्द्र कौशिक, सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, गौरव स्वरूप, पुनीत वशिष्ठ, मनोज शर्मा, श्री भगवान शर्मा, केके शर्मा, उमेश कौशिक, हरेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा, कमलेश शर्मा, मनोज शर्मा, एलएन शर्मा, साधुराम शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, पूर्व चेयरमैन डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा, ब्रिजेश शर्मा, कमल कान्त शर्मा, बृजमोहन शर्मा, अमित टोनी, विनित वशिष्ठ, नीरज शर्मा ठेकेदार, अक्षय शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, अमित वत्स, महादेव शर्मा, राकेश राठी, इंतजार प्रधान, इन्द्र पाल शर्मा, नमन शर्मा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



# किडजी प्रेमपुरी में मैजिक शो का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। किडजी प्रेमपुरी में आज नववर्ष, क्रिसमस-डे और तुलसी पर्व को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. सुभाष शर्मा पूर्व अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर, शालिनी शर्मा उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मुजफ्फरनगर, नेहा अरोरा प्रधानाचार्य देवोपम किड्स गार्डन, सौरभ अरोरा को-ऑर्डिनेटर प्रियंका शर्मा और स्कूल के डॉयरेक्टर डॉ. आशुतोष शर्मा ने माँ सरस्वती के समक्ष स्कूल की दीप प्रज्जवलित करके किया। आगन्तुकों ने सभी बच्चों और उनके परिवार को तुलसी पर्व, क्रिसमस-डे और नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान जादूगर हैरी ने अपने हैरतंगेज कारनामों से सभी बच्चों और उनके अभिभावकों का खूब मनोरंजन किया। बच्चों को सेंटा ने खूब मस्ती करायी, उन्हें उपहार दिये और उनके साथ खेल और डांस किया। डॉ. सुभाष शर्मा ने तुलसी जी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाएँ गरिमा अरोरा, मनी आहुजा और दिव्यांशी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में सिप अबेकस प्रेमपुरी की डॉयरेक्टर तृप्ति मैम, शौर्य, कमलकान्त शर्मा, ब्रिजेश दीक्षित और ईशान वत्स भी उपस्थित रहे।



# मालवीय व अटल जी को किया नमन

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। गांधीनगर स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर राजनीति के अजात शत्रु, अपने व्यक्तित्व व कृतित्व से मां भारती को विश्व में गौरवान्वित करने वाले भारतीय राजनीति के शिखर पुरूष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सुशासन दिवस के उपलक्ष में जिला गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया रहे। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व संचालन नितिन मलिक द्वारा किया गया। जिला प्रभारी सतेन्द्र सिसौदिया ने अटल जी के व्यक्तित्व के बारे में बताते हुए कहा अटल जी ने सदैव ही अपना जीवन देश सेवा, गरीब कल्याण और सुशासन को समर्पित किया, वें भारतीय जनता पार्टी के जनक और हम सबके प्रेरणा स्त्रोत थे। कांग्रेस के नेतृत्व वाली नरसिंह राव सरकार में वें विपक्ष में थे, तब जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में पाकिस्तान द्वारा लगाये गए मानवाधिकार हनन के झूठे आरोपों का जवाब देने के लिए अटल जी पर भरोसा जताया और उनके नेतृत्व में एक दल भेजा गया दलों की दहलीज से ऊपर राष्ट्रसर्वोपरि की भवना से ऊपर की ओर दिए गये सशक्त जवाब के कारण पाकिस्तान को अपने आरोप वापस लेना पडे भारत माँ के ऐसे सच्चे सपूत को उनकी जंयती पर श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए सादर नमन करते है। पूर्व सांसद सोहनवीर सिंह ने अपने संस्मरण साझा किए। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि अटल जी सिद्धांत, उनके जीवन प्रसंग और शासन के क्षेत्र में उनके द्वारा उठाये गये कदम सदैव अनुकरनीय रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक उमेश मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, कुशपुरी, श्रीमोहन तायल, राजीव गर्ग, सुनील सिंघल, संजय मुण्डभर, बिजेन्द्र पाल, शलभ कौशिक आदि ने अटल जी के व्यक्तित्व पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर मंचासीन पदाधिकारियों द्वारा मुगलों से लोहा लेने वाले 18वीं सदी में भारत के सबसे बड़े वीर महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस व मालवीय जयंती पर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक प्रमोद उटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतपाल पाल, रोहिल वाल्मीकि, संजय गर्ग, अमित चौधरी, शरद शर्मा, राजीव गुर्जर, रेणु गर्ग, सचिन सिंघल, राहुल वर्मा, प्रवीण शर्मा, विकास अग्रवाल, अचिंत मित्तल, रक्षित नामदेव, सचिन सैनी, विपुल शर्मा, सुनील तायल, तरूण पाल, सचिन करानिया, नितिन बालियान, देशबंधु तोमर, अरविन्द राज शर्मा, विशाल गर्ग, ओम प्रकाश उपाध्याय, मनीष ऐरन, मंडल अध्यक्ष राजेश पाराशर, विजय वर्मा, हरेन्द्र शर्मा, रविकांत शर्मा, चमन वाल्मीकि अतुल सैनी, सीमा शर्मा, नमिता जौहरी, अमित वत्स, राहुल गोयल, सागर वाल्मीकि, धर्मेन्द्र पुण्डीर, बिजेन्द्र कोरी, अखिलेश शर्मा, नवनीत गुप्ता, प्रशांत गौतम, पारस शर्मा, सचिन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



## एमएम इंटर कॉलेज में हवन-पूजन का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। नगर के महामना मालवीय इंटर कॉलेज प्रांगण में भारत रत्न पं. महामना मदन मोहन मालवीय एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयन्ती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में प्रबंध समिति द्वारा हवन पूजन कराया गया। वहीं भारत रत्न पंडित महामना मदनमोहन मालवीय एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. विनीत चौहान के अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अरविन्द राज शर्मा, प्रबंधक आरडी शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम में दोनों महान विभूतियों को नमन करते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

महामना मालवीय जी की जयंती के उपलक्ष में मालवीय इंटर कॉलेज में हवन-पूजन किये जाने का दृश्य। -फोटो बुलेटिन



# बाल स्वयंसेवकों ने निकाला नगर में पथ संचलन

मुजफ्फरनगर, 25 दिसम्बर (बु.)। रविवार को नगर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लक्ष्मीनगर के बाल स्वयं सेवकों का पथ संचलन निकाला गया। इस दौरान इन बाल स्वयं सेवकों द्वारा राम शाखा स्थल मौ. फ्रैन्ड्स कॉलोनी पार्क से चलकर रुडकी रोड होते हुए मौहल्ला इन्दिरा कॉलोनी की मुख्य गलियों से होते हुए कच्ची सड़क, सरवट रोड पुलिस चौकी के पास से होता हुआ फिर से वापस शाखा स्थल पार्क पर ही पहुंचकर समाप्त हुआ, जिसमें लक्ष्मीनगर की सभी शाखाओं के बाल स्वयं सेवकों जिनमें 5 वर्ष से 12 वर्ष तक के करीब 280 स्वयं सेवकों ने कड़ाके की सर्दी व कोहरे में पूर्ण उत्साह के साथ हिस्सा लिया। क्षेत्र में निकले इस पथ संचलन को देखने के लिए मार्ग पर दोनों ओर भारी भीड़ उमड़ पड़ी, वहीं बाल स्वयं सेवकों के स्वागत में क्षेत्र में कई स्थानों पर महिलाओं की ओर से पुष्प वर्षा के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व बाल स्वयं सेवकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला प्रचारक निपेन्द्र जी ने कहा कि डॉ. केशवराव बलीराम हेडगेवार ने 5 स्वयं सेवकों के साथ करीब 77 वर्ष पूर्व स्थापित किया था, जो आज विश्व का सबसे बड़ा देशभक्त संगठन है, जिसमें संस्कारित स्वयं सेवक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक ऐसा राष्ट्र भक्त संगठन है जिसके द्वारा स्वयं सेवक व्यक्तित्व का निर्माण होता है और राष्ट्र की उन्नति में व्यक्ति कैसे अपना योगदान दे सकता है यह संघ द्वारा सिखाया जाता है। कार्यक्रम में सह विभाग सेवा प्रमुख ब्रिजेश, विद्यार्थी प्रमुख सुमित, रविन्द्र गौड़, अंकित, संजय, शिवम, प्रवीण कुमार, ब्रिजेश कुमार, लोकेन्द्र कुमार, किशन कुमार, कृष्ण कुमार, अजय त्यागी आदि समेत करीब 400 से अधिक बाल एवं किशोर स्वयं सेवक पथ संचलन के दौरान उपस्थित रहे।

## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. इलाहाबाद बोर्ड की संस्थागत हाई स्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 1993 अनुक्रमांक 260694 की मार्कशीट व सनद तथा इण्टरमीडिएट की मुख्य परीक्षा वर्ष 1995 अनुक्रमांक 0098825 की मार्कशीट व सनद वास्तव में कहीं खो गई है।

**बबली पुत्री मंगत सिंह**
निवासी : ग्राम पनियाला, रूड़की, जिला हरिद्वार

## नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

**इस कैम्प में**

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. (गदूद के कैंसर की जाँच) | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री (पेशाब की धार की जाँच)

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

**फ्री परामर्श का समय**
28 दिसम्बर 2022, बुधवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779
रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

# शहीद जवान की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**शहीद लोकेश का पार्थिव शरीर हुआ पंचतत्व में विलीन, सिक्किम में शहीद हुआ था यूसुफपुर का जवान ▸▸ सेना और प्रशासन के अधिकारियों के साथ केन्द्र और प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने भी अर्पित किए श्रद्धासुमन**

**भोपा, 25 दिसंबर (बु.स.)।** नॉर्थ सिक्किम में शहीद हुए लोकेश सहरावत के अंतिम दर्शनों को आज जनसैलाब उमड़ पड़ा। अश्रुपूरित आंखों के बीच जवान सहरावत को अंतिम विदाई दी गई। केन्द्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के अलावा सेना और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बाद में शहीद लोकेश का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव यूसुफपुर का बेटा लोकेश सहरावत भी सिक्किम में हुए हादसे में शहीद हुआ था। रविवार को शहीद लोकेश सहरावत का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। रविवार को सुबह दिल्ली से पार्थिव शरीर को मुजफ्फरनगर लाया गया। शहीद के पार्थिव शरीर को लेने के लिए ग्रामीण संग क्षेत्रवासी भोपा बाईपास से गांव में ले जाने के दौरान लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। करीब 12 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए ग्रामीण, अधिकारी और जनप्रतिनिधि शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर यूसुफपुर गांव पहुंचे। हजारों की संख्या में ग्रामीण, विभिन्न दलों के नेता व अधिकारी शहीद के पार्थिव शरीर के साथ पैदल चल दिए। शहीद की अंतिम यात्रा में जब तक सूरज चांद रहेगा, लोकेश तेरा नाम रहेगा का नारा गूंजता रहा। लंबी यात्रा में मार्ग पर पड़ने वाले गांवों में सड़क किनारे खड़े होकर ग्रामीणों ने शहीद के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए नम आंखों से अंतिम विदाई दी। शहीद लोकेश की अंतिम यात्रा को लोगों ने अपने कैमरों में कैद कर अपने पास धरोहर के रूप में रख लिया। भारतीय सेना के जवानों ने शहीद को सलामी दी।








## शहीद के चचेरे भाई ने दी मुखाग्नि

**भोपा।** सिक्किम सड़क हादसे में शहीद हुए लोकेश सहरावत अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। करीब 3 वर्ष पूर्व शहीद की शादी खतौली थाना क्षेत्र के गांव खानुपुर में हुई थी, लेकिन अभी तक लोकेश दंपति के कोई संतान नहीं थी, इस कारण चचेरे भाई अभिनव सहरावत ने शहीद लोकेश सहरावत की चिता को मुखाग्नि दी।



शहीद को श्रद्धांजलि देने वालों में सेना के कर्नल श्रीनिवास, मेजर विनीत यादव, मेजर अमन श्रीवास्तव, अजीत यादव के साथ केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, पूर्व सांसद हरेन्द्र मलिक, विधायक चंदन चौहान, विधायक अनिल कुमार, मुजफ्फरनगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, डीएम चंद्रभूषण सिंह, एसएसपी विनीत जायसवाल, एसपी देहात अतुल श्रीवास्तव, एसडीएम जानसठ अभिषेक कुमार, तहसीलदार संजय सिंह, भोपा क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव, पूर्व मंत्री चौ. योगराज सिंह,जोगेंद्र वर्मा, संदीप मलिक, प्रभात तोमर, अश्वनी सहरावत, डॉ. अमित ठाकरान, सचिन सरोहा, वरुण सहरावत, कांग्रेस नेता राकेश पुंडीर, रविंद्र बालियान, नरेंद्र बोस गुप्ता एडवोकेट व ठाकुर नरेश चौहान आदि इस दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

**परिवार को रोता बिलखता छोड़ गया शहीद** : **भोपा।** शहीद लोकेश सहरावत अपने पीछे पिता उदयवीर, माता कुसुम, पत्नी तनु और बहन रश्मि को छोड़ गया है। पत्नी और बहन शहीद लोकेश के तिरंगे में लिपटे शरीर को देखकर गम के कारण बेहोश होकर गिर पड़ी। परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा।




### अंतिम विदाई देने पहुंचे लोग, तो जाम हो गई सड़कें

**भोपा।** भोपा में शहीद का पार्थिव शरीर गंग नहर पुल पर पहुंचा तो शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए जन सैलाब उमड़ पड़ा। वाहनों के लंबे काफिले व भीड़ के कारण सड़क पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया। पुलिस को भीड़ को काबू करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। भोपा से शहीद के परिवार के घर तक ग्रामीण व नेता पैदल पहुंचे। घंटों बाद सड़क खाली होने पर यातायात सुचारू हो सका।

युसुफपुर में शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित करते राजनीतिक दलों के लोग व पार्थिव शरीर को लेकर पहुंचा सेना का वाहन तथा इन्सेट में शहीद का फाइल फोटो



## युवक फांसी पर झूला

**मुजफ्फरनगर 25 दिसंबर (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जनकपुरी में एक युवक ने संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली। परिजन युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाए, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला जनकपुरी निवासी 35 वर्षीय सचिन ने आज अपने घर में संदिग्ध हालातों में फांसी लगा ली। परिजन उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया।

## दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत में एक की मौत

**मुजफ्फरनगर 25 दिसंबर (बु.)।** सड़क हादसे में घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। छपार थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ी निवासी अक्षय कुमार पुत्र जसवीर ने बताया कि उसके ताऊ का पुत्र रघुनाथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। बसेड़ा के निकट तेज रफ्तार से आई बाइक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत के चलते उसे हायर सेंटर के लिये रेफर कर दिया गया। मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## तालाब में तैरता मिला लापता युवक का शव

**मुजफ्फरनगर 25 दिसंबर (बु.)।** छपार क्षेत्र से डेढ़ सप्ताह पूर्व गायब हुए युवक का शव गांव के तालाब में तैरता हुआ मिला। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव बिजोपुरा निवासी 25 वर्षीय अंकुश उर्फ काला पिछले 9 दिनों से गायब था। वह डग्गामार बस पर कंडक्टरी करता था। परिजनों ने सोचा कि वही कहीं रुक गया होगा। कई दिन तक जब वह घर नहीं लौटा तो काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। रविवार को गांव के पीला तालाब में ग्रामीणों को एक युवक का शव तैरता दिखाई दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बहार निकाला तो परिजनों ने उसे पहचान लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया कि शव कई दिन पुराना है। युवक अपने पिता की अकेली संतान था। मृतक के पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही पता चलेगा युवक की मौत कैसे हुई है।

## सिगरेट की डिब्बी से भरा बैग चोरी

**मुजफ्फरनगर।** वहलना चैक पर अज्ञात बदमाश सेल्समेन की बाइक से सैंकड़ों सिगरेट की डिब्बी चोरी कर ले गए। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। सिविल लाइन थानाक्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी राधेश्याम सेल्समैन हैं। बीती 17 दिसंबर को वह वहलना चैक पर गया था। इसी बीच किसी ने बाइक से उसका बैग चोरी कर लिया। बैग में 300 सिगरेट की डिब्बी थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## संघर्ष में कई घायल

**मुजफ्फनगर, 25 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव जटनगला में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि आज शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव जटनगला से एक युवक की बारात गांव सादपुर गई थी, वहां बारात में गए राजन व अनुज के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वहां तो बारात में गए लोगों ने मामला सुलझा दिया था। बारात गांव में वापस लौटने पर दोनों पक्षों के बीच एक बार फिर विवाद हो गया, जो संघर्ष में बदल गया। संघर्ष में कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया।


शहीद की अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

## फायरिंग मामले में चार छात्र गिरफ्तार, तीन फरार

**▸▸ परिक्रमा मार्ग स्थित कॉलेज पर कई राउंड गोली चलाने का है आरोप**

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)।** परिक्रमा मार्ग स्थित एक कॉलेज परिसर में फायरिंग करने के मामले में मण्डी पुलिस ने चार छात्रों समेत पांच लोगों को पकड़ा है, इनमें एक आरोपी नाबालिग बताया गया है, जबकि तीन छात्र अभी फरार बताये गये हैं। पुलिस ने इनके पास से दो तमंचे भी बरामद किये हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि 23 दिसंबर को कॉलेज के सहायक अध्यापक अमरदीप शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुछ युवकों ने कॉलेज परिसर में घुसकर उनसे मारपीट करते हुए अपशब्दों का प्रयोग किया था। बाद में आरोपी फायरिंग करते हुए फरार हो गये थे। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की गई थी। पुलिस ने एटूजेड टी प्वाइंट से सूजडू अंडरपास की ओर जाने वाले मार्ग से चार छात्रों हर्षित निवासी रामपुरी, विवेक त्यागी निवासी जनकपुरी, अजय प्रताप उर्फ टीनू निवासी बडगांव सहारनपुर और शिव तंवर उर्फ रितिक निवासी सरसावा सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो तमंचे भी बरामद हुए हैं। इन्हीं से कॉलेज परिसर में फायरिंग की गयी थी। एसपी ने बताया कि इस घटना में तीन छात्र और अभी फरार हैं। उन्होंने बताया कि फायरिंग की घटना में संबंधित कॉलेज के अलावा दूसरे कॉलेज के छात्र भी शामिल हैं। कहासुनी के बाद दूसरे कॉलेज से साथी बुलाकर यह घटना अंजाम दी गई थी। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। सीओ मण्डी हिमांशु गौरव व मण्डी इंस्पेक्टर महावीर सिंह चौहान आदि इस दौरान मौजूद रहे।

## टैंपो पलटने से वृद्ध महिला की मौत

**▸▸ महिला अपनी रिश्तेदारी से में आ रही थी ▸▸ दूसरे टैंपों से गिरे सामान को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, दो युवक हुए घायल ▸▸ मृतका की शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्चरी के लिए भेजा।**

**कैराना, 25 दिसम्बर (बु.)।** पंजीठ तिराहे के निकट सामने चल रहे टैंपो से अचानक गिरे सामान को बचाने के चक्कर में एक टैंपो पलट गया। हादसे में टैंपो के नीचे दबकर एक वृद्धा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, मृतका निवासी गांव चिरौली थाना भौरा कला निवासी मंगती नाम का बताई गई है। बताया यह भी गया है कि वह रविवार को अपने गांव से अपने सिमधाने गांव मवी में आ रही थी। मृतका महिला के समधी जगबीर निवासी मवी ने की शिनाख्त, हाल में पुलिस शिनाख्त होने के बाद अग्रिम कार्यवाही में जुट गई है। लोगों का कहना यह भी है कि कैराना में बिना परमिशन के सड़क पर डग्गमार वाहन सरपट दौड़ रहे है, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद भी कैराना में अवैध टैक्सी स्टैंड और डग्गामार वाहन दौड़ रहे हैं। यहां आदेशों का कोई पालन नहीं हो रहा है।

### चालक की थोड़ी लापरवाही पड़ गई भारी

**कैराना, 25 दिसम्बर (बु.)।** पानीपत रूट पर दर्जनों की संख्या में टैंपो सवारियां भरकर चलते हैं। इनमें सीधे चालकों की लापरवाही नजर आती हैं। रविवार को एक टैंपो चालक ने छत पर रखें सामान को रस्सी से नहीं बांधा था। नतीजा यह हुआ कि सामान का प्लास्टिक का कट्टा चलते टैंपो से नीचे गिर गया और पीछे आ रहा टैंपो हादसे का शिकार हो गया। वृद्धा की भी जान चली गई।

## आंगनवाड़ी केंद्र पर दबंग ने किया अवैध कब्जा, अधिकारी खामोश

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)।** शाहपुर क्षेत्र के जीवना गांव में आंगनबाडी केंद्र पर अवैध कब्जे और वहां शौचालय का ताला तोड़कर उसे निजी उपयोग में लाने की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई ना होने पर आंगनबाडी कार्यकत्री ने कार्रवाई की मांग जिलाधिकारी तथा प्रदेश सरकार से की है। जीवना गांव के आंगनबाडी केंद्र की कार्यकत्री रीतू देवी ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि गांव जीवना में चौपाल पर आंगनबाडी केंद्र बना हुआ है। इस पर पड़ौस में ही रहने वाले मन्नू बालियान ने अवैध कब्जा कर रखा है। उसके पशु भी वहां बंधे रहते हैं। इससे वहां जाने वाले बच्चों के साथ आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को भी परेशानी उठानी पड़ती है। आरोप है कि शौचालय का ताला तोड़कर उसे भी उक्त व्यक्ति अपने काम में लाता है। इसका विरोध करने पर उसके साथ झगड़ा भी किया गया। मामले की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई तो उसने भी कोई कार्रवाई नहीं की। अन्य अधिकारियों को भी इसकी शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में भ्रमण के लिए पहुंचे एसडीएम खतौली से उन्होंने इसकी शिकायत की तो उन्होंने मन्नू को दो दिन में अपना कब्जा हटाने को कहा। इसे भी काफी समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। केंद्र की बिजली ही उक्त दबंग अपने घर में प्रयोग कर रहा है। इसके कारण कई बार दरवाजों में करंट आने से बच्चों की जानमाल का भी खतरा बना हुआ है। रीतू देवी ने अवैध कब्जा हटवाने और केंद्र की चारदीवारी कराने की मांग की है।

## लाखों के अवैध गांजे के साथ दो गिरफ्तार

**शाहपुर, 25 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के बसी रोड पर पुलिस ने दो गांजा तस्करी करने वालों को भारी मात्रा में दो लाख की कीमत के गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी गांजा बेचने के लिए नहर पर ग्राहक का इंतजार कर रहे थे।

शाहपुर पुलिस ने कस्बे की बसी रोड पर स्थित नहर से दो लोगो को चैकिंग के दौरान पूछताछ के लिए रोका, तो उनसे भारी मात्रा में लाखों की कीमत का गांजा बरामद हुआ। ये लोग गांजा बेचने के लिए बसी नहर पर इंतजार कर रहे थे। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर निवासी सद्दाम पुत्र सगीर से 550 ग्राम व तालिब पुत्र इलियास से 630 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग लाखों बताई जा रही है। ये दोनों नशीले पदार्थ की तस्करी करते है। बसी रोड नहर पर गांजा बेचने के लिए आए थे। बसी रोड नहर पर चैकिंग के दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध दिखने पर इनसे पूछताछ करने पर इन्हें लगभग 1180 ग्राम गांजे के साथ दोनों को हिरासत में ले लिया। दोनों से पूछताछ कर नशीले पदार्थ के कारोबार में जुटे लोगों की जानकारी हासिल की गई है। दोनों आरोपितों को एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।


शाहपुर पुलिस भारी मात्रा में अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार आरोपी। -फोटो बुलेटिन

## कोरोना को लेकर मंगलवार को होगी मॉक ड्रिल

**नई दिल्ली, 25 दिसंबर (वार्ता)।** चीन में कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर भारत सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने 27 दिसंबर को देश भर में सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर मॉक ड्रिल आयोजित करने का फैसला किया है। दरअसल, चीन में कोविड के बढ़ते डर के बीच केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से मंगलवार को देशभर में कोविड केंद्रों सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं पर मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि दुनियाभर के कई देशों में कोविड के मामलों में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में किसी भी आपात स्थिति में आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय किए जाएं। कोविड-19 स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारी महत्वपूर्ण है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा कि निर्णय लिया गया है कि 27 दिसंबर को देशभर में चिह्नित कोविड-समर्पित स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी स्वास्थ्य सुविधाओं में मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। इस अभ्यास का उद्देश्य इन स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रबंधन के लिए परिचालन तत्परता सुनिश्चित करना है। केंद्र ने कहा है कि इस अभ्यास के दौरान, सभी जिलों को कवर करने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की भौगोलिक रूप से प्रतिनिधि उपलब्धता, आइसोलेशन बेड जैसी बिस्तर क्षमता, ऑक्सीजन समर्थित आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर सपोर्ट वाले बेड और मानव संसाधन की इष्टतम उपलब्धता पर ध्यान केंद्रित किया जाए। मंत्रालय ने मॉक ड्रिल के माध्यम से कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता, उन्नत और बुनियादी जीवन समर्थन एंबुलेंस की उपलब्धता और परीक्षण क्षमता, रसद उपलब्धता, आवश्यक दवाओं, वेंटिलेटर और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। पत्र में कहा गया है, मॉक ड्रिल संबंधित जिला कलेक्टरों/जिला मजिस्ट्रेटों के समग्र मार्गदर्शन में राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ गहन परामर्श से किया जा सकता है।

## देश के आठ जिलों में कोरोना की संक्रमण दर राष्ट्रीय औसत से ज्यादा, जानें राज्यों का हाल

नई दिल्ली, 25 दिसंबर (वार्ता)। चीन समेत कई देशों में कोरोना की हाहाकार के बीच भारत पर भी महामारी का खतरा मंडराने लगा है। देश में कोरोना की औसत राष्ट्रीय दर अभी 0.21 फीसदी पर है। इस बीच पता चला है कि भारत में आठ जिलों में कोरोना की संक्रमण दर पांच फीसदी से अधिक है। इनमें अरुणाचल प्रदेश का लोहित (5.88), मेघालय का री भोई (9.09), राजस्थान का करौली (5.71) और गंगानगर (5.66), तमिलनाडु का डिंडिगुल (9.80) तथा उत्तराखंड का नैनीताल (5.66) शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में संक्रमण दर 14.29 फीसदी और उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में 11.11 फीसदी दर्ज की गई।

## चीन से लौटे युवक समेत 3 कोरोना पॉजिटिव

आगरा, 25 दिसंबर (वार्ता)। चीन से लौटा युवक कोरोना संक्रमित मिलने के बाद मामले को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजा गया है। आगरा में चीन से लौटा 40 वर्षीय युवक कोरोना संक्रमित पाया गया है। युवक ने प्राइवेट लैब में कोरोना टेस्ट कराया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। 23 दिसंबर को युवक चीन से लौटा था। सर्दी-जुकाम की शिकायत होने पर युवक ने प्राइवेट लैब में कोरोना की जांच करवाई थी। जांच में कोरोना की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। युवक को आइसोलेट करने के साथ कांट्रेक्ट ट्रेसिंग और जीनोम सीक्रेसिंग कराई जा रही है। दूसरी ओर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुरू हुई अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की जांच में रविवार देर रात तक दो यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इन मरीजों को दिल्ली सरकार के नियमों के तहत आइसोलेट कर दिया गया है।

### अलग-अलग स्थानों पर मारपीट

**मुजफ्फरनगर 25 दिसंबर (बु.)।** अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। मारपीट की घटनाओं की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर निवासी राहुल सोलंकी ने सिविल लाइन थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा अर्पित अपने साथी के साथ शनिवार को फ्रेंड्स कालोनी से गुजर रहा था। आरोप हैं कि दतियाना निवासी रक्षित ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अर्पित को मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। उधर केवलपुरी निवासी वसीम ने मौहल्ले के ही नफीस, नौशाद, शहजाद ओर फुरकान पर हमला कर घायल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

### बांके बिहारी मन्दिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट से रोष व्याप्त

**मीरापुर, 25 दिसंबर (बु.)।** वृंदावन धाम में भगवान के दर्शन को आए हुए श्रद्धालुओं के साथ की गई मारपीट से मीरापुर में श्याम प्रेमियों में सुरक्षाकर्मियों के प्रति रोष पनप रहा है। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में मारपीट की घटना का कड़ा विरोध जताया है। सोशल मीड़िया पर वृंदावन धाम के बांके बिहारी मंदिर में सुरक्षाकर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं के साथ मारपीट किए जाने की एक वीड़ियो वायरल हो रही है, जिससे नागरिकों में भारी रोष पनप रहा हैं स्थानीय नागरिकों ने पंजाबी कॉलोनी स्थित समाजसेवी अरूण शर्मा के आवास पर एक बैठक आयोजित कर उक्त घटना पर कड़ा विरोध जताया हैं। व्यापारी अनिल नंदवानी ने कहा कि भगवान के घर आए हुए श्रद्धालुओं के साथ सुरक्षाकर्मी, जिस प्रकार से मारपीट कर रहे हैं वह बेहद ही अशोभनीय है। नागरिकों ने सुरक्षाकर्मियों पर कार्यवाही की मांग की है। वही दूसरी तरफ व्यापारी घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि आगामी 4 जनवरी को विनायक उत्सव मंडप में भगवान श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया जाएगा।

## सजे चर्चों में गूंजे कैरोल्स, सांता क्लाज बन इठलाए नौनिहाल

**मुजफ्फरनगर, 25 दिसंबर (बु.)।** कड़ाके की ठंड के बीच रंगबिरंगी रोशनी में नहाये गिरजाघरों में आज क्रिसमस की खुशियां फैली रही। मसीही समाज ने विशेष प्रार्थना सभाओं के साथ प्रभु यीशु की आराधना करते हुए उनके जन्मी खुशियां मनाईं। पूरी दुनिया के साथ आज शहर के गिरिजाघरों के साथ मसीही समाज में क्रिसमस की खुशियां छाई रहीं। इस दौरान बीती रात मध्य रात्रि प्रार्थना से आयोजन शुरू हो गए थे। इस दौरान ईसाई समाज के लोगों ने चर्चों में पहुंच कर मोमबत्तियां जलाईं और वहां आयोजित विशेष प्रार्थना सभाओं में भाग लिया। कैरोल्स की ध्वनि से गिरजाघर गूंज उठे। इस मौके पर शहर के सिविल लाइन थाने के सामने स्थित कैथोलिक चर्च, सेंट पॉल चर्च तथा सेंट जॉन्स चर्च में की गई रंगीन रोशनी की सज्जा शानदार दृश्य प्रस्तुत कर रही थी। चर्चों में प्रभु यीशु के जन्म की झांकियां सजाई गईं और मदर मैरी से समाज में शांति और उन्नति की प्रार्थना की गई। फादर ने इस मौके पर कहा कि प्रभु ईसा मसीह ने मानव कल्याण का संदेश पूरी दुनिया को दिया। मुजफ्फरनगर में क्रिसमस के पर्व पर बच्चों में खास उत्साह दिखाई दिया। बच्चे सांता क्लॉज की ड्रेस में इठलाते नजर आए। उन्हें तमाम उपहार मिले तो उनकी खुशियों का ठिकाना नहीं था। शहर के साथ खतौली के गिरजाघर में भी इस मौके पर विशेष आयोजन हुए। कड़ाके की ठंड का भी इस पर कोई प्रभाव नजर नहीं आया।


क्रिसमस पर बच्चों को उपहार देता सांता और प्रार्थना में मौजूद मसीह समाज के लोग










क्रिसमस का उत्साह : कैंडल जलाकर प्रार्थना करते व सेल्फी लेते लोग।